# एकता और विश्वास की विशेषता द्वारा सफलता सम्पन्न बनो
## With the specialty of unity and faith, become full of success

---

Feb 1, 2026

**एक की श्रीमत**

**अनेक देश, अनेक भाषायें, अनेक रूप-रंग होते भी सबके दिल में एकता दिखाई दे क्योंकि एक बाप के बच्चे हो। सब एक ही वृक्ष की डालियां, एक की श्रीमत पर चलने वाले हो। भिन्नता में एकता दिखाना, बिगड़ी को बनाना, अनेकता में एकता लाना, ये सबसे बड़ी सेवा है। यही कमाल है और यही सफलता का आधार है।**

**following the shrimat of the One**
While there are many countries, many languages and many forms and colours, let unity be visible in each one's heart, because all are the children of the one Father. All are branches of the same tree and all are following the shrimat of the One. To show unity in the differences, to reform that which is spoilt, to bring about unity in diversity is the biggest service. This is a wonder and also the basis for success.

Feb 2, 2026

**सफलता गले का हार**

**किसी भी कार्य की सफलता की दो श्रेष्ठ भुजायें हैं: 1- आपसी विश्वास और 2- एकता, जहाँ संगठित रूप में सभी की एकमत है, आपस में एक दो के प्रति विश्वास है, वहाँ सफलता गले का हार है। संस्कार भिन्न-भिन्न हैं और रहेंगे भी लेकिन अगर कोई का संस्कार टकराने वाला है तो दूसरा ताली नहीं बजावे। हर एक अपने को चेंज कर ले तो एकता कायम रह सकती है।**

**success as a garland around neck**
There are two arms for the success of any task: 1) Faith in one another. 2) Unity. Where there is one direction for all in a collective way, where there is trust in one another, success is there as a garland around your neck. There are varieties of sanskars and they will remain, but if someone's sanskars are causing conflict, then the other person should not become party to that. Let each one change himself and there can then be unity all of the time.

Feb 3, 2026

**भावना का फल**

**एकता के लिए स्वयं में समाने की शक्ति चाहिए, इससे दूसरे का संस्कार भी अवश्य शीतल हो जायेगा। सदा एक दो में स्नेह की, श्रेष्ठता की भावना से सम्पर्क में आओ, गुणग्राही बनो तो एकता कायम रह सकती है।**

**आपके संगठन की शुभ भावना अनेक आत्माओं को भावना का फल दिलाने के निमित्त बनेगी। उन्हें नई राह मिलेगी।**

**fruit of feelings**
For unity, you need the power to accommodate, by your having this, the sanskars of others will also become cool (gentle). Connect with one another with feelings of love and greatness. Become one who picks up virtues and there can then be unity all the time. Your good wishes for the gathering will become instrumental in giving the fruit of their feelings to all souls to find this new path.

Feb 4, 2026

**बाप की प्रत्यक्षता**

**जैसे बाप ने आप सबको कोने-कोने से ढूंढकर निकाल लिया। अनेक वृक्षों की डालियाँ अब एक ही चन्दन का वृक्ष हो गया। लोग कहते हैं - दो चार मातायें भी एक साथ इकट्ठी नहीं रह सकती और आप मातायें सारे विश्व में एकता स्थापन करने के निमित्त हो, यही आपकी आपसी एकता बाप की प्रत्यक्षता करेगी।**

**the Father's revelation**
The Father found all of you in all corners. The branches of many trees have now become one sandalwood tree. People say: Two to four women cannot live together, whereas you women are now instruments to establish unity in the world. This unity amongst you will bring about the Father's revelation.

Feb 5, 2026

**ब्राह्मण परिवार की विशेषता है- अनेक होते भी एक**

**ब्राह्मण परिवार की विशेषता है- अनेक होते भी एक। आपके सभी सेवाकेन्द्रों का वायब्रेशन ऐसा हो जो सबको महसूस हो कि ये अनेक नहीं लेकिन एक हैं। आपकी एकता का वायब्रेशन सारे विश्व में एक धर्म, एक राज्य स्थापन करेगा। तो विशेष अटेन्शन देकर भिन्नता को मिटाकर एकता कायम करो।**

**the speciality of the Brahmin family is to be united**
Although there are many Brahmins, the speciality of the Brahmin family is to be united. Let the vibrations be felt by everyone. Though there are many of you, you are all united. The vibrations of your unity will establish one religion and one kingdom over the whole world. So, pay special attention to finishing any diversity and bring about unity for all time.

Feb 6, 2026

**समान संस्कार**

**संगठन में हर एक की विशेषता को देखना, विशेषता ही ग्रहण करना और कमजोरियों को मिटाने का प्रयत्न करना - यही विधि है, एकता का संगठन मजबूत करने की। जैसे आप सबका उठना, बोलना, चलना एक जैसा है या सबकी एक जैसी बातें, एक ही गति, एक ही रीति, एक ही नीति है, ऐसे ही संस्कार भी समान दिखाई दें। भिन्नता होते भी एक दो में विश्वास रख सबके विचारों को सत्कार दो, यही एकता का आधार है।**

**Same sanskars**
See each one's specialities in a gathering, only imbibe their specialities and try to finish their weaknesses and make the unity in that gathering strong. Just as your waking up, sitting and walking are the same, and you all speak of the same things, you have the same salvation with just the one method and one protocol, in the same way, your sanskars should also appear to be the same. While there is diversity, have faith in one another and give respect to each one's ideas. This is the basis of unity.

Feb 7, 2026

### एक दो की राय को रिगार्ड

**एकता, स्वच्छता, महीनता, मधुरता और मन, वाणी, कर्म में महानता - यह 5 बातें एक एक के हर कदम से नज़र आयें तो बाप की प्रत्यक्षता सहज हो जायेगी। अभी तक संस्कारों में जो भिन्नता दिखाई देती है, उसे एकता में लाना है। एकता के लिए एक दो की राय को रिगार्ड दो, हाँ जी, हाँ जी करके अपना विचार अवश्य दो, फिर एकता के बन्धन में बंध जाओ, यही एकता सफलता का साधन है।**

**give regard to one another's advice**
Have unity, cleanliness, refinement, sweetness and greatness in your thoughts, words and actions. When these five things are visible in each one's every step, the Father's revelation will then take place quickly. Any differences that are now visible in your sanskars have to be brought into unity. For unity, give regard to one another's advice, say "Ha ji, ha ji" (Yes indeed) and definitely give your ideas. Then become tied with a bond of unity. This unity is the means of success.

Feb 8, 2026

### एकनामी - इकॉनामी

**एकता लाने के लिए दो बातें धारण करनी होंगी - एक तो एकनामी बन सदैव हर बात में एक का ही नाम लो, दूसरा - संकल्पों की, समय की और ज्ञान खजाने की इकॉनामी करो। जब सभी ऐसे एकनामी और इकॉनामी वाले बन जायेंगे तब एक बाप में सभी प्रकार की भिन्नता समा जायेगी।**

**Eknami - Economy**
You have to imbibe two things in order to bring about unity. One is to belong to the One and always take the name of the One. Second, be economical with your thoughts, your time and

your treasures of this knowledge. When everyone belongs to the One and is economical, then all the various differences will become merged in the one Father.

**February 9, 2026**

**एकमत, एक की ही लगन में एकरस**

**जैसे मणको की विशेषता होती है एक जैसे मणके माला के एक ही धागे में पिरोये जाते हैं। ऐसे आप सभी वैजयन्ती माला के मणके भी जब एकमत, एक की ही लगन में एकरस स्थिति वाले एक दिखाई देंगे तब ही माला में पिरोये जायेंगे। अगर आपस में दो मते होती हैं तो वह दूसरी अर्थात् 16000 की माला के दाने बन जाते हैं।**

**one direction, stable in love for the One**

The speciality of beads is that all the same type of beads are threaded on one thread. In the same way, when all of you beads of the rosary of victory are seen to be in the same one direction, stable in love for the One in a constant stage, you will then be threaded in the rosary. If there are two directions among yourselves, you then become a bead of the other rosary, that is, the rosary of 16,000.

**February 10, 2026**

**समाने की शक्ति**

**एकमत अर्थात् एकता का वातावरण बनाने के लिए समाने की शक्ति धारण करो। भिन्नता को समाओ। हर एक की विशेषताओं को देखो, कमियों को तो बिल्कुल देखना ही नहीं है। जैसे चन्द्रमा अथवा सूर्य को ग्रहण लगता है तो कहते हैं कि देखना नहीं चाहिए, नहीं तो ग्रहचारी बैठ जायेगी।**

**तो किसकी कमी भी ग्रहण है, उसे कभी नहीं देखो।**

**the power to accommodate**

To create an atmosphere of one direction, that is, of unity, imbibe the power to accommodate. Accommodate the differences. See each one's specialities, and do not look at anyone's weaknesses at all. It is said that when there is an eclipse of the sun or the moon, you must not look at it, otherwise, there would be bad omens. Similarly, anyone's weakness is also an eclipse, so do not look at it.

**February 11, 2026**

**फेथ और लव**

**एकता के दो आधार है एक फेथ (विश्वास), दूसरा-लब (प्यार)। कभी भी एक दो में विश्वास कम न हो, एक ने कहा दूसरे ने माना यही विधि है एकता के सूत्र में पिरोने की। दिल का आपसी स्नेह समीप ले आता है। जैसे बाप से सबका स्नेह है ऐसे परिवार से भी दिल का सच्चा स्नेह हो, इसके लिए स्वमान में रहकर सबको सम्मान दो।**

**Faith and Love**
There are two bases for unity: 1) Faith. 2) Love. Do not let faith in one another decrease. When one says something, the other one accepts: this is the way to become tied in the thread of unity. Love for one another in your hearts brings you close. Just as everyone has love for the Father, in the same way, let there also be true love for everyone in the family. For this, maintain your self-respect and give everyone respect.

**February 12,2026**

**स्व की सेवा**

**ज्ञानी बनने के साथ-साथ स्नेही बनो। स्व की सेवा विश्व सेवा का आधार है। सेवा में सिर्फ दो शब्द याद रखना एक निमित्त हूँ, दूसरा निर्मान बनना ही है। इससे एकता का वातावरण बनेगा। एक दो के सहयोगी बनेंगे। तेरे मेरे की, मान-शान की, टकराव की भावनाये समाप्त हो जायेंगी।**

**Service of the self**
Together with being knowledge-full, also be loving. Service of the self is the basis for world service. In service, simply remember two sentences: 1) I am an instrument. 2) I definitely have to be humble. An atmosphere of unity will be created in this way and you will be cooperative with one another. All feelings of conflict, of "mine" and "yours", respect and honour, will finish.

**February 13, 2026**

**प्रत्यक्षता**

**हर एक को दो बाते विशेष ध्यान में रखनी है एक सदा संस्कारों को मिलाने की यूनिटी। दूसरा एक दो में विश्वास रख सदा सन्तुष्ट रहना है और सबको सन्तुष्ट करना है। जब यह दोनों बातें सदा ध्यान पर रहेंगी तब बाप जो है जैसा है, वैसा दिखाई देगा और प्रत्यक्षता होगी।**

**Revelation**
Each one especially has to pay attention to two things: 1) Constantly to have unity in harmonising your sanskars. 2) To have faith in one another and to remain constantly content and make others content. When you constantly pay attention to both of these things, the Father will then be seen as He is and revelation will take place.

**February 14,2026**

**सुखमय संसार**

**अभी सभी मिलकर एकमत हो सेवा के कोई भी कार्य की धूमधाम से आगे बढ़ाओ। हर ब्राह्मण आत्मा के सहयोग से, शुभ कामनाओं, शुभ भावनाओं से सेवाओं की धूम मचाओ। अगर कोई मुख से बोल नहीं सकते तो मनसा वायुमण्डल से सुख की वृत्ति, सुखमय स्थिति से सुखमय संसार बनाये। कहाँ जा नहीं सकते हो, तबियत ठीक नहीं है तो घर बैठे यह सेवा करो, सेवा में सहयोगी जरूर बनो तब सर्व के सहयोग से सुखमय संसार बनेगा।**

**World of happiness**
Now, let everyone come together, be united and carry forward any task of service with a lot of splendour. With the co-operation of every Brahmin soul, with good wishes and pure feelings, create a splendour in service. If someone is not able to speak with words, then he can create an atmosphere of happiness with the attitude of his mind, and create a world of happiness with his stage of happiness. If you are unable to go anywhere, if your health is not good, then you can do service while sitting at home. Definitely be co-operative in service, and only then will you be able to create a world of happiness with everyone's co-operation.

**February 15, 2026**

**न्यारा और प्यारा गोल्डन स्थिति**

**दुनिया के आगे अब यही वास्तविकता दिखानी है कि हम सब एक है, एक के है, एकरस स्थिति वाले है। एक की लगन में मगन रह एक का नाम प्रत्यक्ष करने वाले है, अब यह न्यारा और प्यारा गोल्डन स्थिति का झण्डा लहराओ। छोटे हो या बडे हो, बीमार हो या स्वस्थ हो, महारथी हो व घोड़ेसवार, सभी एकमत होकर सहयोगी बनो तो सहज सफलतामूर्त बन जायेंगे।**

**lovely and unique golden stage**
You now have to show the world the reality of all of us being one (united); we belong to the One, and we have a constant and stable stage. We stay in love with the One and reveal the name of

the One. Now, hoist the flag of this lovely and unique golden stage. Whether you are junior or senior, ill or healthy, a maharathi or horse-rider, all of you have to be united and co-operative. You will then easily become an embodiment of success.

**February 16, 2026**

**संगठन की शक्ति**

**अभी तक अलग-अलग फूल अपनी-अपनी रंगत दिखा रहे हैं लेकिन जब गुलदस्ते के रूप में अपनी खुशबू फैलायेंगे, शक्ति दल प्रत्यक्ष होगा, तब यह संगठन की शक्ति परमात्म प्रत्यक्षता के निमित्त बनेंगी। अभी एक-एक अलग होने के कारण मेहनत ज्यादा करनी पड़ती है लेकिन जब संगठन एकमत होगा तो मेहनत कम सफलता जास्ती होगी।**

**Power of gathering**

Until now, you different flowers have been showing your beauty individually. However, when you spread your fragrance from your form of a bouquet, when your Shakti Army is revealed, the power of this gathering will then become instrumental in God's revelation. Now, because each one of you is individual, you have to work hard, but when your gathering is united in one direction, there will be less effort and greater success.

**February 17, 2026**

**एक की ही लगन में मगन**

**संगठन का बल, स्नेह का बल, एक दो को सहयोग देने का बल और सहनशीलता का बल जमा करो तो माया कभी वार नहीं कर सकेगी, फिर जयजयकार का नारा लगेगा। जब इतने सभी अनेक होते भी एक दिखाई देंगे, एक की ही लगन में मगन, एकरस स्थिति में स्थित होंगे तब प्रत्यक्षता की निशानी देखने में आयेगी। आप सबकी प्रतिज्ञा ही प्रत्यक्षता को समीप लायेगी।**

**Lost in the love of the One**

When you have accumulated the power of the gathering, the power of love, the power of one another's co-operation and the power of tolerance, Maya will not then be able to attack you, and the drums of victory will then beat. When you are all seen to be united, when you remain lost in the love of the One, when you remain in a constant and stable stage, the signs of revelation will then become visible. The promise of all of you will bring about this revelation.

**February 18, 2026**

**दैवी संगठन**

**जैसे सर्व आत्माओं को ज्ञान की रोशनी देने के लिये सदैव शुभ भावना व कल्याण की भावना रखते हो। ऐसे अपने इस दैवी संगठन को भी एक-रस स्थिति में स्थित कर संगठन की शक्ति को बढ़ाने का प्रयत्न करो तब आपके इस दैवी संगठन की मूर्त में एकता और एकरस स्थिति का प्रत्यक्ष रूप में साक्षात्कार होगा।**

**divine gathering**
You continue to try to have good wishes and benevolent feelings in order to give all souls the enlightenment of this knowledge. In the same way, try different ways to increase the power of this divine gathering by stabilising in a constant stage. By your doing this, people will be able to have a vision of the form of this divine gathering in a practical way. When the completely stable and constant stage of this divine gathering becomes well known, the revelation of BapDada will then come close.

**February 19, 2026**

**समान और सम्पूर्ण**

**इस परमात्म-ज्ञान से ही विश्व में एक धर्म, एक राज्य, एक मत की स्थापना होती है। आपके इस ब्राह्मण संगठन की विशेषता देवता रूप में प्रैक्टिकल चलती है। यह विशेषता ही कमाल करेगी, इससे ही नाम बाला होगा, प्रत्यक्षता होगी। तो इस विशेषता में नम्बरवन बनो। इसके लिए जो अपना मूल संस्कार है, उसको मिटाकर बापदादा के संस्कारों को कॉपी कर समान और सम्पूर्ण बनो तब हर एक से बाप दिखाई देगा और प्रत्यक्षता होगी।**

**complete and perfect**
It is only through this Godly knowledge that the establishment of one religion, one kingdom and one direction will take place in the world. The speciality of this Brahmin gathering of yours will then continue in a practical way in the deity form. This speciality will perform wonders. It is through this that the name will be glorified and revelation will take place.
Therefore, become number one in this speciality. For this, finish your main sanskars, copy BapDada's sanskars and become complete and perfect and the Father will then be visible in each one of you and revelation will take place.

**February 20, 2026**

**अव्यक्त भाव**

**संगठित रूप में आप ब्राह्मण बच्चों की आपस के सम्पर्क की भाषा अव्यक्त भाव की होनी चाहिए। जैसे फरिश्ते अथवा आत्मायें आत्माओं से बोल रही हैं। इसके लिए किसी की सुनी हुई गलती को संकल्प में भी न स्वीकार करना और न कराना। ऐसी जब स्थिति हो तब ही बाप की जो शुभ कामना है - एकमत संगठन की, वह प्रैक्टिकल में होगी और आपके द्वारा बाप प्रत्यक्ष होगा।**

**Avyakt feelings**
Let the language of all of you Brahmins together be of avyakt feelings. Let it be as though souls are speaking to angels or souls. For this, neither take, even in your thoughts, anyone's mistakes that you may have heard of, nor enable others to do so. When your stage is like this, the pure

hopes of the Father for the gathering will then become practical and the Father will be revealed through you.

**February 21, 2026**

**रिगार्ड देना ही रिगार्ड लेना है**

**एकता के लिए एक रूहानी तावीज़ सदा अपने पास रखना कि रिगार्ड देना ही रिगार्ड लेना है। यह रिगार्ड का रिकार्ड सफलता का अविनाशी रिकार्ड हो जायेगा। मुख पर एक ही सफलता का मन्त्र हो "पहले आप यह महामन्त्र मन से पक्का रहे। यथार्थ रूप से पहले मैं को मिटाकर दूसरे को आगे बढ़ाना सो अपना बढ़ना समझते हुए इस महामन्त्र को आगे बढ़ाते सफलता को पाते रहो, यह मन्त्र और तावीज़ सदा साथ रहे तो प्रत्यक्षता का नगाड़ा बज जायेगा।**

**To give regard is to receive regard**

For unity, keep one spiritual, lucky charm constantly with you: I have to give regard and receive regard. This record for regard will become an imperishable record of success. On your ups, let there be just the one mantra for success: You first'. Make this great mantra firm in your mind. Finish putting yourself first in the right way and consider yourselt to be moving forward in making others move forward first. Continue to move forward with this great mantra and continue to achieve success. Let this mantra and this lucky charm be constantly with you, and the drums of revelation will beat.

**February 22, 2026**

**प्युरिटी और युनिटी की शक्ति**

**धर्म सत्ता वालों के सामने पवित्रता की शक्ति और राज्य सत्ता वालों के आगे एकता की शक्ति को सिद्ध करो। इन दोनों ही शक्तियों को सिद्ध करने से ईश्वरीय सत्ता का झण्डा बहुत सहज लहरा जायेगा। अभी इन दोनों की तरफ विशेष अटेन्शन चाहिए। जितना जितना प्युरिटी और युनिटी की शक्ति से उन्हों के समीप सम्पर्क में आते रहेंगे उतना वह स्वयं ही अपना वर्णन करने लगेंगे।**

**powers of purity and unity**

Prove the power of purity in front of the authority of religion and the power of unity in front of the authority of politics. By showing both of these powers, the flag of God's authority will be hoisted very quickly. There now has to be special attention paid to both of these. The closer you continue to come into contact with them, while using your powers of purity and unity, the more they themselves will begin to talk about you.

**February 23, 2026**

**वाणी की शक्ति**

संगठन को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए वाणी की शक्ति पर विशेष ध्यान दो। वाणी सदा निर्मल हो, कम बोलो, धीरे बोलो और मीठा बोलो। सम्मानजनक बोल ही बोलो। अभी तक साधारण बोल ज्यादा हैं। 'अलौकिक बोल हों, फरिश्तों के बोल हों', हर बोल मधुर हो। अभी इस बात पर अन्डरलाइन करो तब प्रत्यक्षता होगी।

**power of words**
In order to thread everyone in the gathering in the thread of unity, pay special attention to the power of your words. Let your words be always pure and gentle; speak less, speak softly and speak sweetly. Only speak respectful words. Until now, there are more ordinary words. Let your words be spiritual, let your words be angelic. Let every word be sweet. Now underline this aspect and revelation will then take place.

**February 24, 2026**

**फरिश्ते की चाल और हाल**

बाप की प्रत्यक्षता का आधार है- साधारण कार्य में रहते हुए भी फरिश्ते की चाल और हाल हो। ऐसे नहीं कहो कि क्या करें बात ही ऐसी थी, काम ही ऐसा था, सरकमस्टांश ऐसे थे, समस्या ऐसी थी इसलिए साधारणता आ गई। किसी समय भी, किसी हालत में भी आपका अलौकिक स्वरूप हर एक को अनुभव हो। जैसी बात वैसा अपना स्वरूप नहीं बनाओ। बातें आपको बदल न दें तब सबके समीप आयेंगे और एकता का संगठन मजबूत होगा।

**Angelic Walk and Activity**
In order to be filled with success, while doing everything ordinary, let your activity and your walk be angelic. Do not say that the situation was like that, the work was like, circumstances were such, the problems were like that and that was why there was ordinariness. Every time, in any situation, let everyone experience your spiritual form. Do not let your form be according to the situation that you are in. When you do not let the situations change you, you will then come close to everyone and the gathering of unity will become strong.

**February 25, 2026**

**मन की भाषा एक**

आपमें जो भी विशेषतायें हैं, उनको सामने रखो, कमजोरियों को नहीं, तो अपने आप में फेथ रहेगा। कमजोरी की बात को ज्यादा नहीं सोचना, तो सदा खुशी में आगे बढ़ते जायेंगे। प्रैक्टिकल में अनेक देश, अनेक भाषायें, अनेक रूप-रंग लेकिन अनेकता में भी सबके दिल में एकता है ना! क्योंकि दिल में एक बाप है। एक श्रीमत पर चलने वाले हो। अनेक भाषाओं में होते हुए भी मन का गीत, मन की भाषा एक है।

**the language of the heart are one**
Keep the specialities you have, not the weaknesses, in front of you, and you will have faith in yourself. Do not think too much about your weaknesses, and you will constantly continue to move forward with happiness. Although there are many countries, many languages and many colours, while there is diversity, let there be unity in everyone's heart in a practical way because there is the one Father in everyone's heart and you are all following one shrimat. While having many languages, the song and the language of the heart are one.

**February 26, 2026**

**एकमत, एकबल, एक भरोसा और एकता**

**बापदादा चाहते हैं कि बच्चों की पहले साथियों में, सेवा में, वायुमण्डल में एकता हो, फिर एक बल एक भरोसा, एकमत हो तब सेवा में सफलता मिलेगी। जैसे नारियल तोड़कर, रिबन काटकर उद्‌घाटन करते हो, ऐसे एकमत, एकबल, एक भरोसा और एकता की रिबन काटो और फिर सर्व के सन्तुष्टता, प्रसन्नता का नारियल तोड़ो। यह पानी धरनी में डालो फिर देखो सफलता कितनी होती है।**

**one direction, one strength, one faith and unity**
BapDada first of all wants there to be unity in the companions, in service and in the atmosphere. When you become united with one strength and one support and in following one direction, you will then have success in the service you do. Just as a coconut is broken and a ribbon is cut at an inauguration, in the same way, cut the ribbon for one direction, one strength, one faith and unity, and break the coconut for contentment and happiness amongst everyone. Water the earth with this and then see how much success you have.

**February 27, 2026**

**स्व उन्नति और सेवा की उन्नति**

**स्व उन्नति और सेवा की उन्नति दोनों में एक ने कहा, दूसरे ने हाँ जी किया, ऐसे सदा एकता और दृढ़ता से बढ़ते चलो। जैसे दादियों की एकता और दृढ़ता का संगठन पक्का है, ऐसे आप रत्नों का भी संगठन पक्का हो, तो संगठन की शक्ति जो चाहे वह कर सकती है। संगठन की निशानी का यादगार है पांच पाण्डव।**

**self-progress and progress in service**
For self-progress and progress in service, when someone says something, the other accepts by saying "Ha ji". You can continue to increase unity and determination in this way. Just as a gathering of Dadis is strong in their unity and determination, so, a gathering of you jewels has to be strong. The power of a gathering can do whatever it wants. The memorial of this gathering is the five Pandavas.

**February 28, 2026**

**ब्राह्मण परिवार**

**बापदादा चाहते हैं कि हर बच्चा एकरस श्रेष्ठ स्थिति के आसनधारी, एकान्तवासी, अशरीरी, एकता स्थापक, एकनामी, एकॉनामी का अवतार बने। एक दो के विचारों को समझ, सम्मान दे, एक दो को इशारा दे, लेन-देन कर आपस में संगठन की शक्ति का स्वरूप प्रत्यक्ष करो क्योंकि आपके संगठन के एकता की शक्ति सारे ब्राह्मण परिवार को संगठन में लाने के निमित्त बनेगी।**

**Brahmin family**

BapDada wants every child to be seated on the seat of a stable and elevated stage, to be in solitude, to be bodiless, to be one who establishes unity, to belong to the One and to be an incarnation of economy. Understand the ideas of one another and give everyone regard. While signalling one another, have an exchange of ideas and reveal the power of the gathering among yourselves. The power of this unity in your gathering will be instrumental in bringing the whole Brahmin family together in a gathering.